भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1858**

11 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम**

1858. श्री सुरेश कुमार शेटकरः
श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः
श्री इटेला राजेंदरः
श्रीमति डी.के.अरुणाः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि हमारे लोग अपनी पोषण संबंधी आवश्यकताओं के प्रति तेजी से जागरूक हो रहे हैं और यह स्वस्थ समाज और आय के बढ़ते स्तर का संकेत है;

(ख) क्या सब्जियों, फलों और श्री-अन्न की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और साथ ही राज्यों के साथ साझेदारी में किसानों के लिए उत्पादन, कुशल आपूर्ति, प्रसंस्करण और लाभकारी मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा और राज्यों में किसान उत्पादन संगठनों और सहकारी समितियों की भागीदारी और कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त संस्थागत तंत्र स्थापित किए जाएंगे और सब्जियों और फलों के लिए एक व्यापक कार्यक्रम भी तैयार किया जाएगा; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और केरल सहित जिला/राज्यवार स्वीकृत और खर्च की गई धनराशि सहित इसमें क्या प्रगति हुई है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग) पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2023-24 के अनुसार कुल खाद्य व्यय में अनाज (श्री अन्न सहित), सब्जियों और फलों की प्रतिशत हिस्सेदारी में एचसीईएस 2022-23 की तुलना में वृद्धि निम्नानुसार हुई है:

| जिंस | 2023-24 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| अनाज (श्री अन्न सहित) | 10.61 | 9.48 | 10.6 | 9.3 |
| सब्जियाँ | 12.82 | 10.38 | 11.6 | 9.7 |
| फल | 8.18 | 9.77 | 8.0 | 9.7 |

भारत सरकार उत्पादन को प्रोत्साहित करने, कुशल आपूर्ति, प्रसंस्करण सुनिश्चित करने और फलों और सब्जियों सहित किसानों के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए विभिन्न उपायों/योजनाओं को लागू कर रही है। इनमें शामिल हैं:

1. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
2. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन
3. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
4. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
5. कृषि वानिकी
6. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
7. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-ऑयल पाम
8. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-तिलहन
9. राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए)
10. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
11. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
12. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एसएचएंडएफ)
13. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
14. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
15. बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)
16. राष्ट्रीय बांस मिशन
17. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
18. पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पीडीएमसी)
19. कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आईएसएएम)
20. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
21. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
22. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
23. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
24. संशोधित ब्याज छूट योजना (एमआईएसएस)
25. कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ)
26. नमो ड्रोन दीदी
27. स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि निधि (एग्रीश्योर)
28. कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम)
29. डिजिटल कृषि मिशन
30. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई)
31. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई)

*****